

हार्दिक पंड्या करेंगे कप्तानी

12 और 13 को होने वाली मेगा नीलामी में अहमदाबाद की टीम अभी कम से कम 22 और खिलाड़ी खरीद सकती है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा 7 विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। नीलामी में एक टीम के पास 90 करोड़ रुपए होंगे। अहमदाबाद ने तीन खिलाड़ियों को ड्राफ्ट करने में 38 करोड़ रुपए खर्च कर दिए हैं। उनके पास नीलामी में खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 52 करोड़ रुपए होंगे। 2011 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के मुख्य कोच रहे गैरी कर्स्टन को अहमदाबाद ने अपना मेंटर बनाया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा टीम के मुख्य कोच और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज विक्रम सोलंकी टीम के डायरेक्टर हैं।

## अहमदाबाद की टीम का नाम अहमदाबाद टाइटन्स होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। आईपीएल में पिछले सीजन तक 8 टीमें हिस्सा लेती थीं। अगले सीजन में टीमों की संख्या 10 होगी। लखनऊ और अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट से जुड़ी हैं। लखनऊ की फ्रेंचाइजी ने अपनी टीम का नाम लखनऊ सुपर जायंट्स रखा था। अब अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी का नया नाम सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी आधिकारिक रूप से अहमदाबाद टाइटन्स के नाम से जानी जाएगी। टूर्नामेंट की सभी 10 टीमें 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में होने वाली नीलामी में खिलाड़ियों को खरीदेंगी। अहमदाबाद को सीवीसी कैपिटल्स ने खरीदा था। उन्होंने नीलामी से पहले भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान और युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने हार्दिक और राशिद को 15–15 करोड़ रुपए दिए। वहीं, गिल 8 करोड़ में टीम का हिस्सा बने हैं। पिछले सीजन तक मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले हार्दिक टीम की कप्तानी करेंगे। हार्दिक को इससे पहले लीग में एक बार भी कप्तानी करने का मौका नहीं मिला था।

# ऐसा लग रहा था कि वह बहुत जल्दी में है

क्रिकेट

## विराट कोहली के आउट होने पर आकाश चोपड़ा ने जताई हैरानी

विराट ने गेंद को पुल करने की कोशिश की लेकिन वह गेंद पर काबू नहीं रख पाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को अहमदाबाद में विराट कोहली की पारी पर काफी हैरानगी जताई। विराट क्रीज पर रोहित शर्मा के आउट होन के बाद उतरे। उन्होंने अलजारी जोसफ की गेंदों पर लगातार दो चौके लगाए। हालांकि इसी बॉलर ने उन्हें जल्द ही आउट कर दिया। विराट ने गेंद को पुल करने की कोशिश की लेकिन वह गेंद पर काबू नहीं रख पाए।

विराट कोहली की पारी पर चोपड़ा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के साथ बातचीत में कहा, मैं बहुत हैरान हूं। वह जल्दबाजी में दिखे। पहली गेंद पर उन्होंने कुछ अलग करने की कोशिश की। ये काफी अलग तरह के शॉट थे जिन्हें आप कोहली के साथ जोड़कर नहीं देखते हैं। ये शायद आपको बताते है कि वह सही सोच के साथ के नहीं उतरे थे। चोपड़ा ने यह भी कहा कि हालांकि विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका में वनडे सीरीज में दो हाफ सेंचुरी लगाई थीं लेकिन वह पूरी लय के साथ बल्लेबाजी नहीं कर रहे थे। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए चोपड़ा ने कहा, यहां तक कि साउथ अफ्रीका में भी वह अलग तरह के बल्लेबाज नजर आ रहे थे।

उन्होंने रन बनाए लेकिन निजी तौर पर उन्हें बल्लेबाजी करते हुए मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त नहीं था कि विराट कोहली अपने बेस्ट पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। वे बहुत अच्छी पारियां नहीं थीं। ऐसा हो सकता है। लेकिन यह चार गेंद की पारी देखकर लग रहा है कि जहां तक उनकी पारी की बात है वह मानसिक रूप से वहां नहीं थे। कोहली ने साउथ अफ्रीका में तीन पारियों में 116 रन बनाए थे। उनका स्ट्राइकर रेट 76.32 का रहा था। जो उनके स्तर के हिसाब से काफी कम था।



# लता जी ने कहा था बेटा मिलकर जाना, मैं बोला मां जी मिलने आउंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के लिए रविवार 6 फरवरी बेहद दुखी करने वाला दिन रहा। हम सबके दिल में बसने वाली स्वर सम्राज्ञी भारत रत्न लता मंगेशकर हमारे बीच नहीं रहीं। पूरी दुनिया में उनके चाहने वालों ने इस खबर को सुनने के बाद अपनी संवेदना जताई। पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने बताया कि कैसे उनकी जब लता जी से बात हुई थी तो उन्होंने कहा था मुझे मां बुला सकते हो। अख्तर ने अफसोस जताया कि वह उनसे मिल नहीं पाए।

उन्होंने कहा, आज बहुत दुखी करने वाली खबर आई, लता जी नहीं रहीं। 2016 में जब मैं हिन्दुस्तान में काम कर रहा था, तब मुझे फोन पर उनसे बात करने का खुश किस्मती नसीब हुई थी। मैंने उनको फोन किया सलाम अर्ज किया और बड़ी खूबसूरत आवाज में उन्होंने जवाब भी दिया। कहा बेटा आप कैसे हो। मैंने कहा मैं ठीक हूं आप ठीक ठाक हैं। उन्होंने कहा बेटा मुझे मां करके बुला लो तो ज्यादा अच्छा रहेगा। मैंने कहा जी मां जी।



उन्होंने कहा था मुझे बेटा मैंने आपके मैच बहुत देखे हैं। मैंने आपके और सचिन के मुकाबले देखे हैं। मुझे क्रिकेट का बहुत शौक है और मैं आपको जानती हूं। आपके मैच देखती थी, आप काफी आक्रामक हैं। आप काफी जोर लगाकर खेलते थे आपका गुस्सा काफी मशहूर है।

मैंने कहा, मां जी मैं आपके मिलने आना चाहता हूं और ये मौका मैं गंवाना नहीं चाहता। मुंबई में हूं तो मां जी आपके पास आना चाहता हूं, मिलना चाहता हूं। उन्होंने कहा था बेटा जरूर आना मुझे तुमसे मिलकर काफी बातें करनी है। उन्होंने कहा था हमारे अभी नवरात्रे चल रहे हैं 9 दिन की पूजा कर रही हूं इसके बाद आए तो अच्छा होगा। मैंने कहा नवरात्र तक तो मैं चला जाउंगा फिर जब वापस आया तो मिलकर जाऊंगा।

## सूर्यकुमार को स्लेज करते हुए पोलार्ड ने किया था चैलेंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला रविवार को खेला गया जिसमें भारत को 4 विकेट से जीत मिली थी। इस मैच की दूसरी पारी के दौरान जब सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी कर रहे थे तब कैरेबियाई कप्तान किरोन पोलार्ड ने उन्हें स्लेज किया था। इस घटना का जिक्र खुद सूर्यकुमार यादव ने किया और बताया कि आखिर पोलार्ड ने उन्हें क्या कहा था और इसका जवाब उन्होंने किस तरह से दिया। सूर्यकुमार यादव ने बताया कि जब वो और दीपक हुडा बल्लेबाजी रहे थे तब किरोन पोलार्ड ने उनके कहा कि वो अपना फेमस फ्लिक शाट क्यों नहीं खेल रहे हैं जबकि फील्ड पूरी तरह से ओपन है। स्टार स्पोर्ट्स के साथ बात करते हुए सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पोलार्ड ने मुझे कुछ बातें कही। उन्होंने मुझसे कहा कि मिड विकेट पर कोई फील्डर नहीं है ऐसे में आइपीएल की तरह से वो यहां भी फ्लिक शाट क्यों नहीं लगा रहे हैं। सूर्यकुमार ने बताया कि अहमदाबाद में परिस्थिति थोड़ी अलग थी और मैं अंत तक मैदान पर टिके रहना चाहता था।

## न्यूज डायरी



### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए कोलिंगवुड को कोच नियुक्त किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पूर्व आलराउंडर पॉल कोलिंगवुड को अगले महीने होने वाले वेस्टइंडीज के तीन टेस्ट मैच के दौरे के लिए सोमवार को इंग्लैंड टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया। सहायक कोच कोलिंगवुड क्रिस सिल्वरवुड की जगह लेंगे जिन्हें आस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला में 4–0 की शर्मनाक हार के बाद पिछले हफ्ते पद से हटा दिया गया। पिछले महीने वेस्टइंडीज दौरे के दौरान इंग्लैंड की टी20 टीम का प्रभार संभालने वाले 45 साल के कोलिंगवुड अभी बारबडोस में ब्रेक पर हैं लेकिन खिलाड़ियों के 25 फरवरी को एंटीगा पहुंचने पर उनके साथ जुड़ेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के बयान में कोलिंगवुड ने कहा, ''मैं कैरेबियाई दौरे पर टेस्ट टीम का मार्गदर्शन करने को लेकर बेहद रोमांचित हूं। मैं दौरे की शुरुआत का इंतजार नहीं कर सकता।'' कोलिंगवुड ने इंग्लैंड के लिए 68 टेस्ट, 197 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। टीम की घोषणा इसी हफ्ते की जानी है। पहला टेस्ट एंटीगा में एक मार्च से शुरू होगा।

### रोहित शर्मा ने पहले ही वनडे में कोहली के यह दो रिकार्ड ध्वस्त किए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा ने वनडे में फुलटाइम कप्तान के तौर पर टीम इंडिया की जिम्मेदारी संभालने से पहले 10 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। जब वो वनडे कप्तान बने उसके बाद उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी वनडे कप्तानी का डेब्यू किया और ओवरआल भारत की तरफ से उन्होंने 11वें वनडे मैच में टीम की कप्तानी की। इस मैच में रोहित शर्मा ने अच्छी बल्लेबाजी भी की और मैच में भी जीत दर्ज की। इस मैच में बनाए स्कोर और जीत की वजह से उन्होंने दो बेहतरीन रिकार्ड अपने नाम किए और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। रोहित फुलटाइम वनडे कप्तान बनने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में कप्तानी की जबकि ओवरआल ये बतौर वनडे कप्तान उनका 11वां मैच था। इस मैच में उन्हें जीत मिली और इस जीत के साथ उन्होंने विराट कोहली का रिकार्ड भी तोड़ा। भारत के लिए बतौर वनडे कप्तान पहले 11 मैचों में रोहित शर्मा को 9वें मैच में जीत मिली और वो कोहली से आगे निकल गए।

### भारत को जीत की बधाई देने के चक्कर में शाहिद कपूर कर बैठे बड़ी गलती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत ने अंडर–19 वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड को हराकर पांचवीं बार खिताब जीता। विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम, नॉर्थ साउंड, में उसने चार विकेट जीत हासिल की। ऑलराउंडर राज बावा को इस मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच चुना। उन्होंने पहले इंग्लैंड के पांच विकेट लिए और उसके बाद बल्ले से भी 35 रन की उपयोगी पारी खेली। भारत की जीत के बाद कई लोगों ने उन्हें दिल खोलकर बधाई दी। इसमें बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर भी शामिल थे। हालांकि शाहिद कपूर ने भारतीय टीम को खास तौर पर बधाई दी लेकिन इस चक्कर में वह एक बड़ी गलती कर बैठे। सोशल मीडिया पर टीम को बधाई देते समय शाहिद से जो गलती हुई उससे उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है।

### गावस्कर ने डीआरएस मामले के बाद इस वजह से बकवास करार दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने रविवार को अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले एकदिवसीय मैच के दौरान डीआरएस को लेकर रोहित शर्मा और विराट कोहली के बीच जो बातें हुई उसके बाद उन दोनों के बीच के विवाद की पुरानी अफवाहों को बकवास करार दिया। दरअसल भारत व वेस्टइंडीज के बीच खेले गए पहले वनडे मैच के दौरान कोहली ने कप्तान रोहित को डीआरएस लेने के लिए तब मना लिया था जब चहल की एक गेंद शामराह ब्रूक्स के बल्ले का किनारा लेते हुए ऋषभ पंत के दस्ताने में चली गई थी। इसके बाद चहल ने अपील की, लेकिन अंपायर ने मना कर दिया था।